क्रमांक : 37

कार्यालय, रिटर्निंग ऑफिसर, राज्य सभा निर्वाचन, मध्यप्रदेश.

पत्रक भाग-दो

भोपाल, सोमवार, दिनांक 1 जून, 2026 (ज्येष्ठ 11, 1948)

माह जून,2026 में होने वाले राज्य सभा के द्विवार्षिक निर्वाचन की सूचना एवं अधिसूचना की प्रतियां मान. सदस्यों के सूचनार्थ प्रेषित हैं.

(अरविन्द शर्मा)
रिटर्निंग ऑफिसर,
राज्य सभा निर्वाचन,2026 एवं
प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा.

कार्यालय, रिटर्निंग ऑफिसर, राज्य सभा निर्वाचन, मध्यप्रदेश

भोपाल, सोमवार, दिनांक 1 जून, 2026 (ज्येष्ठ 11, 1948)

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु द्विवार्षिक निर्वाचन.

अधिसूचना

क्रमांक विधान-रा.स.निर्वा.-2026(1).- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसरण में, मैं, अरविन्द शर्मा, रिटर्निंग ऑफिसर, मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा निर्वाचन के लिये, राज्य सभा में तीन स्थानों को भरने के लिये, जिनका कार्यकाल दिनांक 21 जून, 2026 को समाप्त हो रहा है, निर्वाचन आयोग के पूर्वानुमोदन से समिति कक्ष क्रमांक-2(एम-02), मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल को ऐसे स्थान के रूप में नियत करता हूं जहां निर्वाचन आयोग की अधिसूचना क्रमांक 318/रा.स.-मल्टी/2/2026(1), दिनांक 1 जून, 2026 के अनुसरण में उक्त निर्वाचन के लिये मतदान होगा.

स्थान:- मध्यप्रदेश विधान सभा भवन,
भोपाल.
दिनांक:- 1 जून, 2026 (ज्येष्ठ 11, 1948)

(अरविन्द शर्मा)
रिटर्निंग ऑफिसर.

कार्यालय, रिटर्निंग ऑफिसर, राज्य सभा निर्वाचन,
मध्यप्रदेश
भोपाल, सोमवार, दिनांक 1 जून, 2026 (ज्येष्ठ 11, 1948)

निर्वाचन की सूचना

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के लिए द्विवार्षिक निर्वाचन

क्रमांक विधान-रा.स.निर्वा.-2026(2).-एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि-

(1) मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के तीन सदस्यों का निर्वाचन होना है;

(2) नाम-निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या उसके प्रस्थापक द्वारा दिनांक 8 जून, 2026 से अपश्चात् (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न और 3.00 बजे अपराह्न के बीच मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल में परिदत्त किये जा सकेंगे;

(3) नाम-निर्देशन पत्र के प्ररुप पूर्वोक्त स्थान और समयों पर अभिप्राप्त किये जा सकेंगे;

(4) नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल में दिनांक 9 जून, 2026 को अपराह्न 2.00 बजे की जावेगी;

(5) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना, अभ्यर्थी या उसके प्रस्थापक या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा, जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिये लिखित में प्राधिकृत किया गया हो, ऊपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट ऑफिसरों में से किसी को उसके कार्यालय में दिनांक 11 जून, 2026 को 3.00 बजे अपराह्न से पूर्व परिदत्त की जा सकेगी; तथा

(6) निर्वाचन लड़े जाने की दशा में दिनांक 18 जून, 2026, को प्रात: 9.00 बजे और अपराह्न 4.00 बजे के बीच मतदान होगा.

स्थान:- मध्यप्रदेश विधान सभा भवन,
भोपाल.
दिनांक:- 1 जून, 2026 (ज्येष्ठ 11, 1948)

(अरविन्द शर्मा)
रिटर्निंग ऑफिसर.